





# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ विचारों का संचरण

## पीटीसी ग्राउंड पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ आयु के लिए योग पर कराया गया योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय पीटीसी ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए.**

**गौर नगरी को योग नगरी बनाने का संकल्प दिलाया**



उन्होंने कहा कि योग से शरीर, मन और चित्त सब स्वस्थ होता है, योग अवश्य करें. स्वस्थ शरीर में स्वस्थ विचारों का संचरण होता है एवं व्यक्ति स्वस्थ रहेगा तो परिवार, समाज, देश स्वस्थ रहेगा, योग भारत से विश्वभर में पहुंचा. योग दिवस योग फॉर हेल्दी एजिंग अर्थात स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर पीटीसी ग्राउंड पर आयोजित किया गया. इस दौरान योगाचार्य विष्णु आर्य ने जन समूह को योग के आसनों का अभ्यास करवाया. इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि योग की शक्ति का जीवंत उदाहरण योगाचार्य श्री आर्य हैं. सागर के लोगों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा है. उस दौरान उन्होंने सागर को योग नगरी बनाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सागर को गौर नगरी के साथ योग नगरी बनाने के लिए हमें आज संकल्प लेना होगा और जब हम सभी योग करेंगे तो हमारा सागर स्वस्थ सागर बनेगा, हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए. कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, श्याम तिवारी, कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम सागर अमन मिश्रा, संभागीय आयुष अधिकारी डॉक्टर जोगेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं अधिकारी सम्मिलित हुए.



## महिमा को गोल्ड मेडल

**सागर.** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में पदस्थ प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत डॉयरेक्टर ऑफ अकादमिक अफेयर्स की भांजी महिमा सिंह ठाकुर ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और स्वर्ण पदक प्राप्त किया है. नरसिंहपुर निवासी स्व. कैलाश सिंह राजपूत के परिवार की ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रभाकर सिंह राजपूत की भांजी और शैल कुमारी राजपूत की पुत्री सुश्री महिमा ने उच्च शिक्षा में दूसरा स्वर्ण पदक प्राप्त किया. महिमा ने सायबर सुरक्षा पाठ्यक्रम में एमएससी स्नातकोत्तर उपाधि में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

# युवा प्रतिभाओं ने बिखेरा कला का अनुपम वैभव

## राष्ट्रीय युवा कला उत्सव के दो दिवसीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा कलोत्सव में देश के विभिन्न प्रांतों से आए युवा कलाकारों ने विलक्षण प्रतिभा, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से वातावरण निर्मित किया.**

इस दौरान युवा कलाकारों की सधी हुई प्रस्तुति, मंच अनुशासन, भावपूर्ण अभिव्यक्ति तथा पारंपरिक कला के प्रति समर्पण ने कार्यक्रम को विशेष ऊँचाई प्रदान की. द्वितीय दिवस का समापन नाट्य प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें युवा रंगकर्मी अपनी अभिनय क्षमता, रचनात्मक अभिव्यक्ति और रंगमंचीय कौशल का प्रदर्शन किया.



संगीत, नृत्य और नाटक का उत्सव युवा कलोत्सव शुभारंभ महाकवि पद्माकर सभागार में सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी ने किया. इस अवसर पर सचिव संगीत नाटक अकादमी श्री राजूदास, एसडीएम अमन मिश्रा उपस्थित रहे. सचिव संगीत नाटक अकादमी श्री राजूदास ने स्वागत भाषण दिया. युवा कलोत्सव 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा हिंदुस्तानी वाद्य-वृंद, ऋषि विश्वकर्मा एवं दल सागर द्वारा लोक संगीत, दर्शन लोककला संस्थान सागर द्वारा बधाई नृत्य, नृत्याराधना नृत्य मंदिर संस्थान उज्जैन द्वारा कथक एवं मूलचंद गोंड एवं दल मसानझिरी द्वारा राई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई.महोत्सव में युवा कलाकारों और हमारी विविध प्रदर्शन कला विधाओं, परंपराओं और अभिव्यक्तियों की निरंतरता को प्रदर्शित किया गया है.

# पाक कौशल का प्रदर्शन किया



नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. जैसीनगर में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्कृष्ट पाक-कौशल का प्रदर्शन किया.**

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता सिंह राजपूत ने प्रतियोगिता में तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का अवलोकन किया. श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण को मजबूत बनाने के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं. योजना बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.

## रथ यात्रा में होंगे शामिल

**सागर..** नगर के जरूरतमंदों एवं वृद्ध बुजुर्गों को निशुल्क तीर्थ यात्रा करा रहे रामसरोज समूह के सदस्य बबीता संजीव केसरवानी गीता शैलेश केसरवानी एवं श्वेता अखिलेश मोनी केसरवानी जरूरतमंद लोगों को एवं वृद्ध जनों को महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा के अवसर पर जगन्नाथ पुरी की तीर्थ यात्रा करवायेंगे. शैलेश केसरवानी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए 30 जून तक सुबह 11से 5 के बीच आधार कार्ड की छाया प्रति,गरीबी रेखा का परमिट की छायाप्रति,मोबाइल नंबर सहित तिलकगंज स्थित एक निजी होटल पर जमा करना होगा.

# समान नागरिक संहिता को लेकर बैठक में चर्चा

नवभारत न्यूज

**खुरई 21 जून. एसडीएम मनोज चौरसिया के मुख्य आतिथ्य में सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में समान नागरिक संहिता विषय पर बैठक का आयोजन संपन्न हुआ.**



एसडीएम मनोज चौरसिया ने समान नागरिक संहिता की आवश्यकता, उद्देश्य एवं इसके विभिन्न प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समान कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना है तथा इस विषय पर आमजन की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है. बैठक में सीएमओ राजेश मेहतेले ने नगर पालिका एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार नागरिकों के बीच पहुंचकर समान नागरिक संहिता के संबंध में अधिक से अधिक सुझाव, प्रतिक्रियाएं एवं विचार प्राप्त करें, ताकि आमजन की सहभागिता सुनिश्चित हो सके. बैठक के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नागरिकों को जागरूक करने तथा शासन द्वारा संचालित सुझाव अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में निर्देश भी दिए गए. कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया.

# स्मार्ट मीटरों का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**बंडा 21 जून. एमपीईबी की अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया गया.**

उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए गए, मोंटेकार्लो कंपनी के प्रतिनिधि को अधिक मीटर लगाए जाने हेतु निर्देशित किया. अधीक्षण अभियंता द्वारा मगरधा वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया एवं मगरधा डीएल फीडर में होने वाले एटी एंड सी हानि को कम करने हेतु निर्देश दिए गए. उनके द्वारा उल्दन 33 केव्ही फीडर में किए गए मेंटेनेंस का निरीक्षण किया गया.

# राजकीय विवि में योग दिवस पर कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रानी अवंतीबाई लोधी विवि में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन ने कहा कि योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरुरी है, नियमित योग करने से हम निरोगी रहते हैं, यदि स्वस्थ्य रहना है तो योग को अपनाना होगा. योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मिथलेश शरण चौबे ने कहा कि भारत की प्राचीन धरोहर योग, आज पूरी दुनिया में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का पर्याय बन चुका है, योग हमारे स्वस्थ्य जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. विवि के सभी अधिकारियों, अध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने योग क्रियाओं का आभ्यास किया तथा योग विभाग के विद्यार्थी राहुल जैन, प्रियांशी पटेल, उमा कुर्मी, शिवम लोधी, वैशाली, तोहफा, अतुल दुबे, नेहा, आकांक्षा, पिंकी, हरसिद्धि द्वारा संगीतमय योग प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर एआर राकेश चढ़ार, डॉ. भावना पटेल, डॉ. रूचि राठौर उपस्थिति रही.स्वागत वक्तव्य डॉ. श्रद्धा सोलंकी, संचालन डॉ. नितिन कोरपाल ने किया.

# प्रमाण पत्र वितरित किए गए



नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. बुंदेली लोक नृत्य व नाट्य कला परिषद, कनेरा देव, द्वारा आयोजित 15 दिवसीय लोक कला प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन पद्मश्री रामसहाय पांडे गुरुकुल भवन में संपन्न हुआ.**

समापन समारोह के मुख्य अतिथि संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के सचिव राजू दास रहे. श्री दास ने कहा कि लोक कलाएं किसी भी समाज की आत्मा होती हैं. इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है. यह कार्य न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त कर रहा है.

# नपा की नाली के ऊपर रख ली गईं दुकानें

नवभारत न्यूज

**खुरई 21 जून. एक तरफ जहां नगर पालिका विभाग जनता के लिए सुगम आवागमन बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है तो वहीं कुछ दुकानदार नियमों के विपरीत नगरपालिका की नाला,नाली पर व्यवसायिक दुकानें लगाकर आम जनता को कठिनाइयां उत्पन्न कर रहे हैं.**



सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सागर रोड पर अनेकों लोगों ने सड़क से लगकर अपनी दुकानें सजा रखी है, अब ऐसी स्थति में आवागमन करने वालो को कठिनाईयों से जूझकर निकलना पड़ता है. नियमानुसार रोड से 40 फूट जगह छोड़ना पड़ती है लेकिन हठधर्मिता वाले यह दुकानदार नगरपालिका विभाग और प्रशासन को ठेंगे पर वांधकर मनमानी पर आमदा है,अब देखना यह है कि ऐसे अतिक्रमण करने वालों पर नगर पालिका विभाग क्या कार्यवाही करता है. सीएमओ राजेश मेहतेले ने किसी भी नियम तोड़ने वालो को यह इजाजत नहीं देता है कि जनता के आवागमन में व्यवधान उत्पन्न करें. निरीक्षण उपरांत कानूनी कार्यवाही करेंगे.



# उद्यान निर्माण की पहल शुरू

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र एवं छात्रा इकाइयों द्वारा गोद लिए गए ग्राम बरारू एवं कनेरादेव में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत उद्यान निर्माण की पहल की जा रही है.**

रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह एवं डॉ. अभिलाषा जैन तथा वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. प्रकाश कुशवाहा द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु दोनों गोद ग्रामों में पार्क निर्माण के लिए उपयुक्त शासकीय भूमि की तलाश एवं चिन्हांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, भावी पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वस्थ वातावरण निर्माण का एक सशक्त प्रयास है.

## वृंदावन ग्राम मोकलपुर में पाठशाला आयोजित

**सागर.** कृषि आधारित जिला स्तरीय प्राकृतिक कृषि कार्यशाला पर विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन वृंदावन ग्राम मोकलपुर में किया गया. उक्त कार्यक्रम में रामकुमार यादव, राजेश सैनी, दलहन निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार से वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी सरजू पालीवाल, संयुक्त संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, परियोजना संचालक आत्मा एम के प्रजापति, उपसंचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग पीएस बडोले, जनपद सदस्य डॉ. कमलेश सिंह, कार्यालय मंत्री किसान मोर्चा रजनीश यादव, किसान मोर्चा से बसंत मीणा, पूर्व सरपंच टीकाराम पटेल, पंकज जैन मौजूद थे.

# विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 21 जून. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरखड़ी, साजी और ताजपुर में 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया.**

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि उन्होंने कभी भी विकास कार्यों में भेदभाव नहीं किया है और प्रत्येक गांव एवं क्षेत्र को समान रूप से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया है. उनका सपना है कि सुरखी विस का हर गांव शहरों की तरह सुंदर, स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधायुक्त बने. इसी लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं और जनता के आशीर्वाद से विकास का रथ निरंतर आगे बढ़ रहा है.



मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र आज विकास की नई कहानी लिख रहा है. नई सोच, नई ऊर्जा और जनता के सहयोग से क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं. आने वाले समय में भी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सौंदर्यीकरण और अन्य मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में और अधिक कार्य किए जाएंगे ताकि सुरखी विधानसभा प्रदेश की आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित हो सके. मंत्री श्री राजपूत द्वारा पंचायत भवन,मंगल भवन, सड़क सहित 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया. इस अवसर पर प्रहलाद कुर्मी, उत्तम बुंदेला, योगेश गोलू पड़रई, देवेंद्र जैन, अजब सिंह ठाकुर, आशाराम साहू, दिनेश साहू, रूपसिंह ठाकुर, गौरी यादव, भगत सिह, देवेंद्र, रामक्रेश साहू, बलराम सिंह राजपूत, अजय सिंह, रामजी सिंह सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे.




# बाइक राइडर्स का सुरक्षा संदेश

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. वर्ल्ड मोटरसाइकिल डे पर बाइकर्स क्लब सेंट्रिक राइडर्स द्वारा बाइक रैली का आयोजन हुआ.**

सभी सदस्यों ने मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पूरे शहर का भ्रमण किया. प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए राइडर्स ने लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया. इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए वाहन चालकों से हॉर्न का प्रयोग भी कम से कम करने का आव्हान किया. रैली में डॉ. ओझा, डॉ. त्रिदिब, डॉ. राकेश, माणिक राज, सौरभ रांधेलिया, डॉ. समीर, पराग सुरेलिया, हिमांशु स्वर्णकार, ऋषि सैनी, वेदांत गुप्ता, अक्षत जैन आदि शामिल रहे.

## एडिना में योगाभ्यास कराया गया

**सागर.** एडिना इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सागर के सेमिनार हॉल में समस्त स्टाफ के द्वारा योग दिवस पर योग किया गया. योग मन बुद्धि और आत्मा को एकाग्रचित करने वाला अद्वितीय माध्यम है. योग करने से शरीर स्वस्थ एवं मन प्रसन्न रहता है. इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ.सुनील कुमार जैन, चेयरमेन राजेश कुमार जैन, एसोसिएट डायरेक्टर रोहित जैन, सुयश जैन, प्राचार्य डॉ.अभिषेक जैन सभी हेड्स एवं स्पोर्ट ऑफिसर सचिन यादव उपस्थित रहे, स्पोर्ट ऑफिसर ने सभी को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के बारे में बताया.



# बुंदेलखंड बनेगा विकास और रोजगार का केंद्र

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 21 जून. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 1766 करोड़ लागत की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया.**

सीएम ने सिद्ध क्षेत्र तुवन सरकार मंदिर परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के समग्र विकास का संकल्प लगातार पूरा किया जा रहा है और ललितपुर प्रदेश के विकास मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुवन सरकार मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बुंदेलखंड के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. सिंचाई परियोजनाओं को गति देने, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि सैदपुर क्षेत्र में लगभग 1500 एकड़ भूमि पर स्थापित



होने वाला फार्मा बल्क ड्रग पार्क क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगा. हर घर नल-जल योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है, जिससे महिलाओं को पानी के लिए लंबी दूरी तय करने की समस्या से राहत मिलेगी.

# बीटीआईआरटी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

नवभारत न्यूज

**सागर 21 जून. बीटीआईआरटी में विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लगातार चार दिनों तक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया.**



चयन प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा, तकनीकी मूल्यांकन, समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए, संस्थान के प्लेसमेंट एडवाइजर डॉ. सचिन चौधरी ने बताया कि बीटीआईआरटी में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास एवं कौशल विकास कार्यक्रमों का नियमित संचालन किया जाता है. चेयरमैन संतोष जैन घड़ी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट करियर अवसर उपलब्ध कराना है. रजिस्ट्रार डॉ. तरुण कुमार सिंह ने कहा कि संस्थान में नियमित रूप से प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल्स, तकनीकी दक्षता एवं उद्योग-अकादमिक गतिविधियों पर ध्यान दिया जाता है.

इस उपलब्धि पर सचिव डॉ. सत्येन्द्र जैन, प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले, डॉ. सत्येन्द्र जैन ने बधाई प्रेषित की है.

**आवश्यकता है**

**नव भारत समाचार पत्र**

**सागर कार्यालय में विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। शीघ्र संपर्क करें।**

संपर्कः अवनीश जैन (ब्यूरो प्रमुख) मो.9425451444

**सागर कार्यालयः सतनाम भवन गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के सामने कटरा बाजार सागर म.प्र.**